# संजय गॉधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान,
## रायबरेली रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश (भारत)

विज्ञापन संख्या . I/75/Rectt/ Autonomous SMC/2022-23

## स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों में स्टाफ नर्स के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती

## विस्तृत विज्ञापन

### कम्पूटर आधारित परीक्षा आनलाइन माध्यम से (CRT) परीक्षा 2023

**आनलाइन आवेदन पत्र लिंक 10 फरवरी, 2023 को खुलना संभावित है। अतः संस्थान की वेबसाईट– (www.sgpgims.org.in) नियमित रूप से देखें।**

चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या–I/212108/71–3–2022 दिनांक 12 सितम्बर, 2022 द्वारा 14 स्वशासी राज्य चिकितसा महाविद्यालयों (फेज–1 के 05 मेडिकल कालेज–**अयोध्या, बस्ती, बहराईच, फिरोजाबाद, शाहजहॉपुर,** फेज–2 के 08 मेडिकल कालेज– **एटा, हरदोई, गाजीपुर, देवरिया, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सिद्धार्थनगर, मीरजापुर** एवं **मेडिकल कालेज जौनपुर**) में नर्सिंग संवर्ग के पदों पर भर्ती/चयन एस0जी0पी0जी0आई0 लखनऊ के माध्यम से कराये जाने के निर्देश पारित किये गये हैं। जो कि उत्तर प्रदेश सरकार, चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं इस सम्बन्ध में समय–समय पर जारी राज्य सरकार के आदेशों, नियमों, विनियमों द्वारा शासित होगा। पात्र अभ्यर्थियों की परीक्षा उपरान्त स्क्रीनिंग, अभिलेख सत्यापन, चिकित्सा महाविद्यालयों का आवंटन एवं नियुक्ति पत्र जारी करने का कार्य चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन एवं महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग, उत्तर प्रदेश स्तर पर होगा। सभी चयन, नियुक्तियॉ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित नियमों, विनियमों और सेवा की शर्तों के अधीन होंगी।

कम्प्यूटर आधारित परीक्षा–2023 के अर्न्तगत स्टाफ नर्स पद हेतु ऑनलाईन लिखित परीक्षा के माध्यम से चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। जिनकी अनारक्षित एवं आरक्षित श्रेणीवार रिक्तियों का विवरण आगामी बिन्दु की तालिका सं0–01 में दिया गया है।

महात्वपूर्ण नोट–

1. यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गयी कोई भी जानकारी गलत पायी जाती है, तो उम्मीदवार का अभ्यर्थन सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा।
2. उपलब्ध करायी गयी तिथि के बाद कोई आवेदन/फीस स्वीकार नहीं होगी। आवेदक अपने आवेदन का प्रिंटआउट तब तक नहीं निकाल सकेगा जब तक कि उसकी फीस का समायोजन बैंक द्वारा नहीं कर दिया जाता। अतः अभ्यर्थी द्वारा बैंक से शुल्क का समायोजन समय रहते अनिवार्य रूप से करा लिया जाए। इस अवधि में अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में (रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर, ई–मेल, आधार नंबर, कैटेगरी इत्यादि को छोड़कर) संशोधन भी कर सकता है।
3. परीक्षा अंग्रेजी और हिन्दी दोनों भाषाओ में होगी।
4. पाठयक्रम, प्रश्न–पत्र का पैटर्न, अंकन और योग्यता अंक निम्नलिखित भागों में वर्णित हैः–
   - **स्टाफ नर्स के पद के लिए कॉमन रिक्रूटमेंट टेस्ट (CRT) आयोजित किया जाएगा। कॉमन रिक्रूटमेंट टेस्ट (CRT) 02 घंटे की अवधि का होगा और 100 अंकों का होगा। इसमें बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) होंगे, जो इस प्रकार हैं –**
   - **80% प्रश्न थ्योरी ऑफ नर्सिंग नॉलेज से संबंधित होंगे**
   - **20% प्रश्न नर्सिंग कार्य के व्यावहारिक अनुप्रयोग से संबंधित होंगे (इनमें से 10% COVID संबंधित कार्य से संबंधित होंगे)**
   - **सिलेबस एसजीपीजीआईएमएस वेबसाइट पर अपलोड किए गए अनुसार होगा**
   - **कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा।**
   - **परीक्षा की भाषा अंग्रेजी और हिंदी दोनों होगी**

# संजय गॉधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान,
## रायबरेली रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश (भारत)

**<u>ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक सूचना</u>**– उपरोक्त विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन करने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रणाली (online application system) लागू है। अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगे। अभ्यर्थियों को केवल ऑनलाइन आवेदन ही करना है। ऑनलाइन आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी कृपया नीचे दी गयी प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करें।

**<u>आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया</u>**

**<u>आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया को निम्नलिखित पाँच भागों में विभाजित किया गया है :–</u>**

1– कैन्डिडेट रजिस्ट्रेशन (Candidate Registration)
2– फार्म के शेष विवरण का भरा जाना (Filling up balance details of the Form)
3– फोटोग्राफ, हस्ताक्षर तथा अन्य दस्तावेज अपलोड करना (uploading Photos, Signature and other Documents)
4– फीस का भुगतान तथा आवेदन पत्र जमा करना (Payment of fee & Submission of Application Form)
5– आवेदन पत्र का प्रिन्टआउट लेना (Print out of Application Form)

**नोट– अभ्यर्थी आवेदन पत्र भरने के लिए उपरोक्त वर्णित सभी प्रक्रियाओं को एक बार में ही पूर्ण कर सकते हैं।**

अभ्यर्थी द्वारा संस्थान की वेबसाइट www.sgpgims.org.in पर नोटीफिकेशन पर क्लिक करना होगा। अभ्यर्थियों को उक्त विज्ञापन को सावधानीपूर्वक ध्यान से पढना चाहिये और अच्छी तरह से समझना चाहिये कि वे विज्ञापित पद हेतु वांछित योग्यता/योग्यताएं रखते हैं और विज्ञापित पद के लिये विहित निर्धारित आयु सीमा (21 से 40 वर्ष) के अंतर्गत आते हैं। तदोपरांत ही आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करें। User Instructions (उपयोगकर्ता निर्देश) में अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिये दिशा–निर्देश दिए गए हैं। अतः अभ्यर्थी आन लाइन आवेदन भरने हेतु निम्नलिखित User Instructions अवश्य पढ़ें। अतः आन लाइन आवेदन पत्र भरने से पहले विज्ञापन के अनुसार निर्देशों को समझने और वांछित योग्यता को पूरा करने की पूरी जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

श्रेणीवार रिक्त पदों का विवरण इस प्रकार है–

**<u>सारिणी–1</u>**

| विज्ञापन संख्या | पद का नाम | श्रेणीवार रिक्त पदों की संख्या | | | | | | वेतनमान (सातवॉ वेतन आयोग के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | एस0सी0 | एस0टी0 | ओ0बी0सी0 | ई0डब्लू0एस0 | अनारक्षित | कुल पद | |
| ***1*** | ***2*** | ***3*** | ***4*** | ***5*** | ***6*** | ***7*** | ***8*** | ***10*** |
| I/75/Rectt/ Autonomous SMC/2022-23 | **स्टाफ नर्स** | **415** | **39** | **533** | **197** | **790** | **1974** | **Level-7 :(44,900 - 1,42,400** |

{kSfrt vkj{k.k ds inksa dh la[;k

| | |
|---|---|
| महिलाएं / 20 % | **394** |
| दिव्यांग / 4%–(एक पैर से प्रभावित) | **78** |
| भूतपूर्व सैनिक / 5% | **98** |
| स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के आश्रित / 2 % | **39** |

**ध्यान दें:–**

1. विस्तृत विज्ञापन संस्थान की वेबसाइट यानी www.sgpgims.org.in पर देखा जा सकता है।
2. राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार विज्ञापित किये गये पदों की संख्या घट/बढ़ सकती है।
3. क्षैतिज आरक्षण नियमानुसार लागू होगा।
4. उम्मीदवारों से अपेक्षा की जाती है कि आवेदित पद के सापेक्ष उक्त सारिणी के कालम सं0–01 में अंकित विज्ञापन संख्या आवेदन पत्र भरते समय उपयुक्त कालम में अवश्य भरें।
   परीक्षा कार्यक्रम और परीक्षा के शहर और भर्ती के बारे में अन्य जानकारी संस्थान की वेबसाइट यानी www.sgpgims.org.in पर अलग से अपलोड की जाएगी ।

   विज्ञापन से सम्बन्धित किसी भी प्रश्न अथवा स्पष्टीकरण की सहायता हेल्प डेस्क, ई मेल आई डी0 और फोन न0 परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार संस्थान की वेबसाइट www.sgpgims.org.in पर उपलब्ध करा दी जायेगी।

**सामान्य निर्देश**

1. उपरोक्त विज्ञापित पदों हेतु विहित अनिवार्य अर्हता, शैक्षिक अर्हता व अन्य सभी तरह से पात्र मानदंडों को पूरा करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी ही अपना ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रोफारमा संस्थान की वेबसाइट www.sgpgims.org.in पर उपलब्ध होगा।

2. आवेदकों को संलग्न दिशानिर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक पात्रता मानदंड शैक्षिक योग्यता, आयु सीमा आदि को पूरा करना होगा।

3. एक पद के सापेक्ष आवेदन करने हेतु भुगतान की जाने वाली अप्रतिदेय (Non-refundable) शुल्क की धनराशि निम्नानुसार हैं:–

| क्र0सं0 | श्रेणी | आवेदन शुल्क | जी0एस0टी @ 18% | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनारक्षित | 1000.00 | 180.00 | **1180.00** |
| 2. | अन्य पिछडा वर्ग/ई0डब्ल्यू0एस | 1000.00 | 180.00 | **1180.00** |
| 3. | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति | 600.00 | 108.00 | **708.00** |

अन्य श्रेणी (क्षैतिज) से संबंधित अभ्यर्थियों को उनकी मूल श्रेणी के अनुसार शुल्क का भुगतान करना होगा।

4 ऑनलाइन पंजीकरण और जमा करने की प्रक्रिया एवं अनुसूची संस्थान की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी तथा परीक्षा प्रकाशित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा के विस्तृत कार्यक्रम के लिए संस्थान की वेबसाइट अवश्य देखें।

5. उत्तर प्रदेश सरकार के आरक्षण सम्बन्धी अधिनियमो एवं शासनादेशों के अनुसार सरकार के अध्यादेशों/आदेशों, में निर्धारित/ नीतिगत निर्देशों के अनुसार आरक्षित रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता हैं।
6. उत्तर प्रदेश के स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविधालय में स्टाफ नर्स की भर्ती के लिये स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविधालय अधीनस्थ नर्सिंग अराजपत्रित/सेवा परिनियमावली 2023 के प्राविधान लागू होंगे।
7. आवेदन करने से पूर्व, अभ्यर्थियों को रिक्त पदों के लिए निर्धारित अनिवार्य योग्यता (शैक्षिक) व अन्य को पढ लेना चाहिये और यह सुनिश्चित करना चाहिये कि वे पद के लिये आवश्यक अनिवार्य योग्यता /शैक्षिक और अन्य योग्यता रखते हैं और केवल वे ही आवेदन कर सकते हैं जो निर्धारित आयु सीमा के तहत आते हैं।

8- उत्तर प्रदेश लोक सेवा, शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिये आरक्षण) अधिनियम 1993 दिनॉक 30/12/1993 (संशोधन) अधिनियम 2018 दिनॉक 23/07/2018 और 01.09.2018 एवं संशोधन अधिनियम 2021 अधिसूचना संख्या 450 (2)/LXXIX-V-1-21-ka-12-21 लखनऊ दिनांक 10/03/2021 द्वारा क्षैतिज आरक्षण में लागू होगा।

9. उपरोक्त तालिका में उल्लिखित रिक्तियों की संख्या उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार बढ़ अथवा घट सकती है।

10. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आयु में अधिकतम छूट 05 वर्ष की अवधि तक संलग्न दिशा–निर्देशों और यूपी सरकार के प्रासंगिक शासनादेशों के अनुसार अनुमन्य होगी।

11.. शारीरिक रूप से विकलांग (ओ0पी0एल0) अभ्यर्थियों के सम्बन्ध में आयु में छूट अधिकतम 15 वर्ष तक है संदर्भ शासनादेश संख्या 18/1/2008–क/2/2008 कार्मिक अनुभाग–2 दिनॉक 03.02.2008 के अनुसार अनुमन्य होगी।

12. दिव्यांग अभ्यर्थियों को परीक्षा देने के लिये स्काइब /लेखक की आवश्यकता के मामले में, सरकारी नियम, जी0 ओ0 एफ0 संख्या 29.06.2019–डीडी–III दिनॉक 10.08..2022 और एफ संख्या–34–02/2015–डीडी–III दिनॉक 29.08.2018, के अनुसार भारत सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, विकलांग व्यक्तियों के अधिकारिता विभाग दिव्यांगजन द्वारा जारी किया गया। अभ्यर्थियों को अपने स्क्राइब/लेखक की व्यवस्था स्वयं करनी चाहिये। एस0जी0पी0जी0आई0एम0एस0 या परीक्षा निकाय इस परीक्षा के लिये स्क्रइब/लेखक उपलब्ध कराने में सक्षम नहीं होगा।

13. स्थायी सरकारी कर्मचारियों के सम्बन्ध में जिन्होने सम्बन्धित क्षेत्र में कम से कम 3 साल की नियमित और निरन्तर सेवा प्रदान की है, को उत्तर प्रदेश के प्रासांगिक शासनादेशों के अनुसार अधिकतम 5 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी।

14. भूतपूर्व सैनिको के सम्बन्ध में अधिकतम आयु सीमा में छूट भारत सरकार के नियमानुसार होगी।

15. ऑनलाइन आवेदन–पत्रों की मुद्रित/हार्ड कॉपी सहित कोई दस्तावेज डाक द्वारा भेजने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने रिकार्ड के लिये आवेदन पत्र की एक मुद्रित/हार्ड कॉपी अपने पास रखें।

16. अभ्यर्थियों को उन तीन शहरों में से अपनी वरीयताएँ देनी होंगी जिनमें परीक्षा आयोजित की जानी है (शहरों की सूची आवेदन पत्र के साथ प्रकाशित की जाएगी)। सटीक/आवंटित केंद्र एडमिट कार्ड जारी करते समय दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को उनकी दी गई प्राथमिकताओं के अनुसार केंद्र आवंटित करने का प्रयास किया जाएगा। हालांकि, उनके पसंदीदा विकल्पों पर स्लॉट की अनुपलब्धता के सम्बन्ध में निकटतम अन्य शहरों को आवंटित किया जाएगा। इस संबंध में संस्थान (एस0जी0पी0जी0आई0एम0एस0 लखनऊ) का निर्णय अंतिम होगा।

17. नियमित सेवा के आवेदकों को अपने नियोक्ताओं से "अनापत्ति प्रमाण पत्र" प्रस्तुत करना होगा।

18. वैध आवेदन वाले उम्मीदवारों को कॉल लेटर और एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे। इन्हें अभ्यर्थी सीधे संस्थान की वेबसाइट www.sgpgims.org.in से अपनी पंजीकरण संख्या / आवेदन संख्या, जन्म तिथि अंकित कर डाउनलोड कर सकते हैं । कॉल लेटर डाक से नहीं भेजे जाएंगे। यह सुविधा परीक्षा के प्रकाशित कार्यक्रम के अनुसार वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

19. लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा हेतु उपस्थित होने के लिए कोई टीए/डीए स्वीकार्य नहीं होगा।

20. सभी विवाद/मतभेद या मुकदमे केवल लखनऊ के न्यायिक क्षेत्राधिकार के अधीन होंगे।

21. चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0, लखनऊ बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी विज्ञापित पदों को भरने या न भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस संबंध में निदेशक एस0जी0पी0जी0आई0एम0एस0, लखनऊ उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार ऐसे अधिकारों का प्रयोग कर सकते हैं।

**आयु सीमा–**

**(1)** उक्त पद पर भर्ती हेतु आयु गणना की निर्णायक तिथि 01 **जनवरी** 2023 है (**यदि विज्ञापन** 01 **जनवरी से** 30 **जून के बीच जारी किया जाता है**) **और** 01 **जुलाई** 2023 (**यदि विज्ञापन** 01 **जुलाई से** 31 **दिसंबर के बीच जारी किया जाता है**) । इस प्रकार 01 **जनवरी** 2023 को अभ्यर्थी ने 21 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और 40 वर्ष से अधिक आयु प्राप्त न की हो।

**(2)** उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग और ऐसी अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों की दशा में उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट हो।

**(3)**सम्बन्धित क्षेत्र में सरकारी कर्मचारियों ने कम से कम 3 साल की नियमित और निरंतर सेवा करने वाले स्थायी सरकारी कर्मचारियों के मामले में यू0पी0 सरकार के शासनादेश कार्मिक अनुभाग–4, संख्या–2–ई. एम/2001–केए–42013 दिनांक 27.08.2013 के अनुसार अधिकतम 5 वर्ष की अवधि तक छूट दी जा सकती है।

**(4)** भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थी जो सीधी भर्ती के आधार पर आवेदन कर रहें हैं को उ0 प्र0 शासन के नियुक्ति (ख) विभाग संख्या 5/1/66–नियुक्ति(ख) दिनॉक 16 मार्च, 1970 के अर्न्तगत सेना के किसी भी भूतपूर्व कर्मचारी को, यदि सेना में की गयी सेवा की संपूर्ण अवधि को उसकी वास्तविक आयु से घटा देने पर वह निर्धारित अधिकतम आयू सीमा से तीन वर्ष से अधिक आयु का न हो, यह समझा जायेगा कि वह संबंधित सेवा में अथवा पद पर नियुक्ति के लिये आयु सीमा की शर्त को पूरी करता है। ऐसे व्यक्ति जिसने जल, थल, वायु

सेना के किसी विंग में सेवा की हो। ऐसे व्यक्ति की संतोषजनक प्रमाणित सेना सेवा (Satisfactory approved military service) होनी चाहिये और उसे संबंधित से अथवा पद की अन्य निर्धारित शर्तों के अनुसार नियुक्ति के लिये अन्यथा उपयुक्त होना चाहिये।

**आरक्षण–**

उ०प्र० की अनुसूचित आतियों /उ० प्र० की अनुसूचित जनजातियों उ० प्र० के अन्य पिछडें वर्गों को उत्तर प्रदेश सरकार के अद्यावधिक विद्यमान शासनादेशो/ विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार आरक्षण अनुमन्य होगा।

**क्षैतिज आरक्षण का विवरण :–**

उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिये आरक्षण) अधिनियम 1993 दिनॉक 30/12/1993 (संशोधन) अधिनियम 1997 दिनॉक 31.07.97 एवं (संशोधन) अधिनियम 2018 दिनॉक 23.07.18 एवं दिनॉक 01/09/2018 एवं संशोधन अधिनियम 2021 अधिसूचना संख्या 450 (2)/LXXIX-V-1-21-ka-12-21 लखनऊ दिनांक 10/03/2021 तथा शासनादेश संख्या–15/5/1986–का0–2/92 दिनांक 28 अप्रैल, 1992 कार्मिक अनुभाग–2 तथा अन्य श्रेणी (अर्थात क्षैतिज) के आरक्षण में लागू होगा और केवल चिन्हित पदों पर लागू होगा।

**आवश्यक शैक्षिक अर्हता**

उपर्युक्त सारणी–1 में उल्लिखित सभी रिक्त पदों पर भर्ती के लिए अभ्यर्थी को दिनॉक 01. जनवरी 2023 को निम्नलिखित आवश्यक योग्यता (शैक्षिक व अन्य) व अधिमानी योग्यता धारित करना अपरिहार्य है।

**सारिणी –2**

| क. सं. | विज्ञापन संख्या | पद का नाम | समूह | आवश्यक शैक्षिक अर्हता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | I/75/Rectt/ Autonomous SMC/2022-23 | **स्टाफ नर्स** | **ख** | छात्र नर्स जिनके पास राज्य चिकित्सा फैकल्टी अथवा इण्डियन नर्सिंग काउंसिल द्वारा दी गयी या मान्यता प्राप्त सस्थान से धारित बी0एस0सी0 नर्सिंग (4 वर्षीय पाठयक्रम) में डिग्री हो अथवा बी0एस0सी0 नर्सिंग (पोस्ट बेसिक) (2 वर्षीय पाठयक्रम) उत्तीर्ण हो<br>**या**<br>संयुक्त प्राप्त नर्स तथा धात्री परिषद में रजिस्ट्रीकरण के योग्य चिकित्सा और शल्यकर्म नर्सिंग (G.N.M) का डिप्लोमा हो, और जो रजिस्ट्रीकृत हो एवं कम से कम 50 बिस्तर के अस्पताल में 02 वर्ष का कार्यानुभव हो |

## General Guidelines/ Procedure of SGPGIMS for Direct Recruitment of Group - B (non-gazetted) & Group - C Posts

Full advertisement is being hosted at the SGPGIMS website **http://www.sgpgims.org.in**

**Application Form**:

Application form is made available online at the SGPGIMSwebsite **http://www.sgpgims.org.in**as per schedule. Applicants can submit their application online. There is no provision for offline application.

**Application Fee:** Payable online at the link given at appropriate place.

Schedule of Fee-

| | |
|---|---|
| **For Group B, C posts** | Rs. 1,000/- |
| | Rs. 600/- for Reserved Candidates |
| **For Group D posts** | Rs.500/- |
| | Rs. 300/- for Reserved Candidates |

(Application Fee is **'Non-refundable')**

**Age, Qualifications and Experience:**

**i)** Age for all posts shall be applicable, as notified by the State (UP) Government from time to time.-(Maximum – 40 years , Minimum- 21 years)

**ii)** Age relaxation shall be applicable, as notified by the State (UP) Government from time to time.

**iii)** Cutoff date for age, qualifications and experience –

- **a)** If an advertisement is released between 01st January to 30th June then it will be 1st January of that year.
- **b)** If an advertisement is released between 01st July to 31st December then it will be 01st July of that year.

**Reservation**:

Reservation Rules shall be applicable, as notified by the State (UP) Government from time to time. Vide "The U.P. Public services (Reservation for SC,ST and Other Backward Classes) Act, 1994" and "The UP Public Services (Reservation for Economically weaker sections) Act 2020"

**Status of the Application:**

Will be displayed at the SGPGIMS website. www.sgpgims.org.in

**Screening:**

The candidates are advised to go through the requirements of age, educational qualification, experience, etc. as mentioned in the advertisement and satisfy themselves before applying that they are eligible for the respective post. In anticipation of a huge number of applicants, scrutiny of the eligibility criteria e.g. age, qualifications, experience, etc. will NOT be undertaken at the time of the Common Recruitment Test (CRT). Applications without application fee will be rejected. All applications with application fee shall be accepted provisionally and all candidates will be allowed to appear provisionally in the Common Recruitment Test (CRT).

If any candidate is found not fulfilling the prescribed age, qualification, experience and any other eligibility criteria as per the advertisement, at any stage of the recruitment process, even if the

candidate figures in the merit list of the Common Recruitment Test (CRT), his/her candidature will be treated as cancelled without any further notice and the post will be forfeited. Candidature can also be cancelled at any stage if any information or claim is not substantiated on the scrutiny of the candidates documents by the SGPGIMS/ Govt. of Uttar Pradesh.

**Selection Process:**

The selection will be done on the basis of the marks obtained in the Common Recruitment Test (CRT) only.

**Hall Ticket for the Common Recruitment Test (CRT):**

The applicants can print their hall ticket for the Common Recruitment Test (CRT) online from the SGPGIMS website www.sgpgims.org.in

**Common Recruitment Test (CRT):**

For the post of Staff Nurse, a Common Recruitment Test (CRT) will be held. The Common Recruitment Test (CRT) will be of **02 hours duration** and will be of **100 marks**. It will contain multiple choice questions (MCQs), as follows –

- **80% questions will be related to Theory of Nursing knowledge**
- **20% questions will be related to Practical application of Nursing work (of these 10% will be related to COVID related work)**
- **Syllabus will be as per uploaded on the SGPGIMS website**
- There will be NO negative marking.
- Language of the examination will be both English and Hindi

**Minimum qualifying marks** of the Common Recruitment Test (CRT) for the post will be:-

40% for - General& EWS.
35% for - SC,ST & OBC

**Final Merit List**:

The final merit list will be prepared ONLY based on the marks obtained in the Common Recruitment Test (CRT), for all categories (i.e. GENERAL, OBC, SC, ST, EWS, etc) separately and rank will be awarded to all qualified applicants. While preparing the selection list for the General category, all applicants (including those from the reserved categories) will be taken into consideration, but while preparing the selection list for a reserved category, **only** applicants of that category will be taken into consideration. The same method will be applicable in all reserved categories.

**Resolution of Tie:** In cases where more than one candidate secures equal marks, the tie will be resolved (i) First by using the date of birth, with older candidate placed higher (ii) If not resolved by the date of birth, it will be resolved by the number of wrong answers/ negative marks, those with less wrong answers/ negative marks placed higher.

**Results:**

All results will be declared in due course, as early as possible.
Canvassing in any form will be a disqualification.

**Other observations**-

1. Working experience in Government/ semi government organization wherever applicable will include experience either on regular post or outsourced/contractual, with accompanying evidence-based certificate. Applicant will submit an affidavit that experience mentioned in the certificate is true and SGPGIMS/ Govt. of U.P. may verify the facts from the concerned Institution/ Party.
2. For posts having experience as an Essential Criteria, the experience which has been acquired only after obtaining essential qualification will be considered as valid.
3. Any dispute with regard to any matter referred herein shall be subject to the jurisdiction of Lucknow court alone.

**Note:-**

1. The Notification of “The Uttar Pradesh Direct Recruitment to Junior Level Posts (Discontinuation of interview) Rules 2017” Notification Miscellaneous No. 4/2017/1/1/2017-Ka-2 Dated 31 August 2017, the earlier provisions/guidelines in respect of recruitment of group ‘B’ (Non Gazetted), group ‘C’ and group ‘D’ are superseded by this rule 2017 and recommended to adopt these Rules for recruitment of group ‘B’ (Non Gazetted), group ‘C’ and group ‘D’ posts of U.P. Govt. institutions/ colleges including SGPGIMS.
2. For recruitment of Staff Nurse for Autonomous State Medical College of Uttar Pradesh, the provisions of “SWA- SHASI RAJYA CHIKITSA MAHAVIDYALAY ADHINASTH NURSING (ARAJPATRIT) SEVA PARINIYAMAVALI-2023” shall apply. (Annexure-1)

**DIRECTOR**
**SGPGIMS,LUCKNOW**